# Rajasthali Law Institute

**Prelims test series**

# Indian Contract Act,Negotiable Instruments Act,Domestic violence,Juvenile justice Act-2,

**1).** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, **2015** के अन्तर्गत सुरक्षा के स्थान में रखा जा सकता है **/ Under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 can be kept in the place of safety -**

(a) 18 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति / Person above the age of 18 years
(b) 16 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य का बालक / Child between 16 and 18 years
(c) जघन्य अपराध कारित करने का अभियुक्त या सिद्धदोष / accused or convicted of a heinous crime
(d) उपर्युक्त सभी / all of the above

**2)**जघन्य अपराध के अभियुक्त या सिद्धदोष व्यक्ति या विधि-विरूद्ध बालक को रखा जा सकता है **/ A person accused or convicted of a heinous offence or a child in conflict with law may be kept-**

(a) सुरक्षा के स्थान में / in place of safety
(b) बालगृह में / in kindergarten
(c) विशेष गृह में / in special house
(d) उपर्युक्त सभी में / in all of the above

**3)**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, **2015** के अन्तर्गत सही सुमेलित युग्म है **/ The correctly matched pair under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 is-**

(a) धारा 49 - सुरक्षा का स्थान / Section 49 - Place of Safety
(b) धारा 50 - बाल गृह / Section 50 - Children's Home

(c) धारा 51 - उचित सुविधा तंत्र / Section 51 - fit facility
(d) धारा 52 - योग्य व्यक्ति / Section 52 -fit person
(e) उपयुक्त सभी /All of the above

**4)"गंभीर अपराध"** में वे अपराध शामिल हैं जिनके लिए भारतीय दंड संहिता या उस समय लागू किसी अन्य कानून के तहत सजा है**- / "Serious offences" includes the offences for which the punishment under the Indian penal Code or any other law for the time being in force, is-**
(a) तीन वर्ष तक का कारावास / Imprisonment upto three years
(b) तीन से सात वर्ष के बीच कारावास / Imprisonment between three to seven years
(c) सात वर्ष या उससे अधिक के लिए कारावास /Imprisonment for Seven years or more
(d) आजीवन कारावास या मृत्यु की सजा I / Imprisonment of life death sentences.

**5)**यदि दत्तकग्रहण दम्पत्ति द्वारा लिया जाता है वहाँ **/ If the adoption is taken by a couple, then-**
(a) पत्नी की सहमति आवश्यक है / wife's consent is necessary
(b) पत्नी की सहमति आवश्यक नही है / wife's consent is not necessary
(c) पति एवं पत्नी दोनों की सहमति आवश्यक है / Consent of both husband and wife is necessary
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं / none of the above

**6)** भावी दत्तक माता-पिट्य की पात्रता से सम्बंधित प्रावधान है **/ Provision related to the eligibility of prospective adoptive parents-**
(a) धारा- 57 / Section-57
(b) धारा- 58 / Section-58
(c) धारा- 59 / Section-59
(d) धारा- 60 / Section-60

**7)**किशोर न्याय अधिनियम के तहत कौन किसी बालिका के दत्तक ग्रहण के लिए पात्र नहीं है**- / Who is not eligible to adopt a girl child under the juvenile Justice Act-**
(a) एकल पुरुष / A single male
(b) एक दम्पत्ति / A couple
(c) एक विच्छिन्न विवाह व्यक्ति / A divorced person
(d) एक एकल महिला / A Single female

**8)**विदेश में रहने वाला एक नातेदार, जो भारत में उसके नातेदार से किसी बालक के दत्तक ग्रहण का आशय रखता है, न्यायालय से आदेश प्राप्त करने के पश्चात् आवेदन करेगा**- / A relative living abroad, who intends to adopt a child from his relative in India, shall after obtain an order from the court apply for ?**
(a) अपील हेतु / For Appeal
(b) पुनरीक्षण हेतु / For revision
(c) निराक्षेप प्रमाण-पत्र के लिए / For no objection certificate
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**9).** दत्तकग्रहण की कार्यवाही को कितनी अवधि के भीतर न्यायालय द्वारा निपटाया जायेगा**? / Within what period the adoption proceedings shall be disposed of by the court?**
(a) दो माह / two months
(b) तीन माह / three months
(c) चार माह / four months
(d) पाँच माह / five months

**10)**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, **2015** के अन्तर्गत दत्तकग्रहण के प्रभाव का उल्लेख है**? / The effect of adoption is mentioned under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015?**
(a) धारा 62 के अंतर्गत / under section 62
(b) धारा 63 के अंतर्गत / under section 63

(c) धारा 64 के अंतर्गत / under section 64
(d) धारा 65 के अंतर्गत / under section 65

**11)**दत्तकग्रहण में लिया गया बालक अपने दत्तक माता-पिता का संतान हो जायेगा **- / A child taken in adoption shall become the child of his adoptive parents ?**
(a)जन्मतः / by birth
(b) दत्तकग्रहण की तारीख से / from the date of adoption
(c) न्यायालय के आदेशानुसार / by court order
(d) उपर्युक्त सभी / all of the above

**12)** यदि विशिष्ट दत्तकग्रहण अभिकरण दत्तकग्रहण के लिए अनाथ या परित्यक्त बालक को विधितः स्वतंत्र कराने के लिए या नियत समय के भीतर न्यायालय से दत्तकग्रहण आदेश प्राप्त करने में व्यतिक्रम करता है तो वह दण्डनीय होगा **/If the Specialised Adoption Agency defaults in obtaining the adoption order from the court within the stipulated time for legally freeing the orphan or abandoned child for adoption, it shall be punishable ?**
(a) जुर्माने से, जो दस हजार रूपये तक हो सकेगा / With fine which may extend to ten thousand rupees
(b) जुर्माने से, जो पच्चीस हजार रूपये तक हो सकेगा / With fine which may extend to twenty five thousand rupees
(c) जुर्माने से, जो पचास हजार रूपये तक हो सकेगा / With fine which may extend to fifty thousand rupees
(d) जुर्माने से, जो एक लाख रूपये तक हो सकेगा / With fine which may extend one lakin rupees

**13)**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम**, 2015** के अन्तर्गत प्राधिकरण की विषय निर्वाचन समिति में एक अधिवक्ता या एक आचार्य के पास कटुम्ब विधि में कम से कम कितने वर्ष का अनुभव होगा **? / Under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, in the subject steering committee of the authority, an advocate or a**

**teacher should have at least how many years of experience in family law?**

(a) 3 वर्ष /3 years

(b) 7 वर्ष /7 years

(c) 8 वर्ष /8 years

(d) 10 वर्ष / 10 years

**14)**इस अधिनियम के धारा **74** के अन्तर्गत बालकों की पहचान प्रकट करने पर रोक लगायी गयी है जो कोई इसका उल्लंघन करता है वह दण्डित किया जा सकेगा **? / Under section 74 of this act, there is a ban on revealing the identity of the children, whosoever violates it will be punished?**

(a) केवल कारावास से जो 7 माह तक हो / with imprisonment of either description for a term which may extend to 7 months

(b) जुर्माने से जो 1 लाख रूपये तक हो सकेगा। / With fine which may extend to one lakh rupees.

(c) कारावास से जो 6 माह तक या जुर्माने से जो 2 लाख रूपये तक हो सकेगा। / With imprisonment which may extend to 6 months or with fine which may extend to two lakh rupees.

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं / none of the above

**15)**किसी बालक पर वास्तविक प्रभाव रखने वाला या नियन्त्रण रखने वाला जानबूझकर बालक के साथ क्रूरता करता है, वह दण्डित किया जा सकेगा **- /Whoever having actual influence or control over a child intentionally subjects the child to cruelty, he shall be punished -**

(a) कारावास से जो 3 वर्ष तक हो सकेगी या जुर्माने से जो एक लाख रूपये के जुर्माने से / With imprisonment which may extend to three years or with fine which may extend to one lakh rupees

(b) केवल जुर्माने से / fine only

(c) (a) और (b) दोनों / (both a and B)

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं / none of the above

**16)** जो कोई भी भिक्षा माँगने के प्रयोजन के लिए किसी बालक का नियोजित करता है या उसका दुरूपयोग करता है वह दण्डित किया जा सकेगा**- / Whoever employs or abuses a child for the purpose of begging, shall be punished -**
(a) कारावास से जिसकी अवधि 5 वर्ष तक की हो सकेगी। / With imprisonment for a term which may extend to 5 years.
(b) जुर्माने से जो एक लाख रूपये हो सकेगा / With fine which may extend to one lakh rupees
(c) (a) और (b) दोनों / both (a) and (b)
(d) (a) या (b) से / from (a) or (b)

**17)**किशोर न्याय **(**बालकों की देखरेख एवं संरक्षण**)** अधिनियम**, 2015** की किस धारा में उग्रवादी समूहों या अन्य वयस्कों द्वारा बालक का उपयोग किया जाता है**? / Which section of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 deals with the use of a child by militant groups or other adults?**
(a) धारा 83 / section 83
(b) धारा 82 / section 82
(c) धारा 81 / section 81
(d) धारा 80 / section 80

**18)**कोई भी व्यक्ति इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए **18** वर्ष से कम आयु के बालक का व्यपहरण या अपहरण करता है वह दण्डित किया जा सकेगा **/. Any person who, for the purposes of this Act, kidnaps or abduct a child below the age of 18 years, shall be punished with-**
(a) 7 वर्ष तक के कारावास से / with imprisonment up to 7 years
(b) 3 वर्ष तक के कारावास से / with imprisonment up to 3 years
(c) आजीवन कारावास से / with life imprisonment
(d) भारतीय दण्ड संहिता में यथा उपबंधित कारावास से / with imprisonment as provided in the Indian Penal Code

**19)** विकलांग बालक के साथ अध्याय **9** के अधीन उपबंधित कोई भी अपराध किया जाता है तो अपराधी दण्डित किया जा सकेगा **/ If any offence provided under Chapter 9 is committed against a child with disability, the offender may be punished with-**
(a) 2 वर्ष तक के कारावास से / with imprisonment up to 2 years
(b) 5 वर्ष तक के कारावास से / with imprisonment up to 5 years
(c) 10 वर्ष तक के कारावास से / with imprisonment up to 10 years
(d) अध्याय 9 में उस अपराध के लिए उपबंधित दण्ड के दोगुने से / twice the punishment provided for that offence in the Chapter 9

**20)**इस अधिनियम के अधीन तीन वर्ष से कम के कारावास से दण्डनीय अपराध या केवल जुर्माने से दण्डनीय अपराध होगा **/ An offence punishable under this Act with imprisonment for a term which is not less than three years or with fine shall be-**
(a) असंज्ञेय एवं जमानतीय / non-cognizable and bailable
(b) संज्ञेय एवं अजमानतीय / cognizable and non-bailable
(c) संज्ञेय एवं जमानतीय / cognizable and bailable
(d) असंज्ञेय एवं अजमानतीय / non-cognizable and non-bailable

**21)** जहां इस अधिनियम के अधीन कोई अपराध **7** वर्ष से अधिक के कारावास से दंडनीय है**,** तो ऐसा अपराध होगा **/ Where an offence under this act is punishable with imprisonment for more than 7 years than such offence shall be-**
(a) असंज्ञेय और अजमानतीय / Non-Cognizable and Non Bailable
(b) असंज्ञेय और जमानतीय / Non- Cognizable and Bailable
(c) संज्ञेय और अजमानतीय / Cognizable and Non-Bailable
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**22).** किशोर न्याय बोर्ड या बाल कल्याण समिति बालक की आयु की उपधारणा और अवधारण करता है **/ The Juvenile Justice Board or the Child Welfare Committee presumes and determines the age of the child-**
(a) धारा 94 के अन्तर्गत / under section 94

(b) धारा 93 के अन्तर्गत / under section 93
(c) धारा 95 के अन्तर्गत / under section 95
(d) धारा 96 के अन्तर्गत / under section 96

**23)**इस अधिनियम कि धारा **40** के अंतर्गत किसी बालक का प्रत्यावर्तन और संरक्षण से अभिप्रेत है**- / Restoration and protection of a child under section 40 of this Act means-**
(a) माता-पिता को प्रत्यावर्तन / restoration to parents
(b) संरक्षक को प्रत्यावर्तन / restoration to guardian
(c) पोषक माता-पिता को प्रत्यावर्तन / restoration to foster parents
(d) उपरोक्त सभी / All of the above

**24)**बाल कल्याण समिति या किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किए गए किसी भी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति आदेश की तारीख से कितने दिनों में बालक न्यायालय में अपील कर सकता है**? / Within how many days from the date of order any person aggrieved by any order made by child welfare committee or the Juvenile Justice board may prefer an appeal to children's court?**
(a) 30 दिन / 30 days
(b) 90 दिन / 90 days
(c) 60 दिन / 60 days
(d) 45 दिन / 45 days

**25)**बाल न्यायालय के आदेश से व्यथित व्यक्ति अपील कर सकेगा **/ A person aggrieved by the order of the Children's Court may prefer an appeal-**
(a) उच्च न्यायालय के समक्ष / before the High Court
(b) सत्र न्यायालय के समक्ष / Before the Court of Session
(c) जिला न्यायालय के समक्ष / Before the District Court
(d) उपर्युक्त में से कोई नही / none of the above

**26)**इस अधिनियम की धारा **102** के अन्तर्गत उच्च न्यायालय पुनरीक्षण किन आधारों पर करता है**? / On what grounds does the High Court review under section 102 of this Act?**
(a) अधिकारिता सम्बन्धी त्रुटि / jurisdictional error
(b) समिति या बोर्ड या बाल न्यायालय के आदेश की वैधता या औचित्य के बारे में अपना समाधान करने के प्रयोजन के लिए / for the purpose of satisfying himself as to the validity or propriety of the order of the Committee or the Board or the Children's Court
(c) उपर्युक्त (a) एवं (b) दोनों / Both (a) and (b) above
(d) उपर्युक्त में से कोई नही। / None of the above.

**27)**इस अधिनियम के अधीन पुनरीक्षण की शक्ति किसे प्राप्त है**? / Who has the power of revision under this Act?**
(a) जिला न्यायालय को / District Court
(b) सत्र न्यायालय को / Sessions Court
(c) उच्च न्यायालय को / to the High Court
(d) उपर्युक्त सभी को / all of the above

**28)**इस अधिनियम के अधीन जाँच अपील एवं पुनरीक्षण की कार्यवाही में कौन**-**सी प्रक्रिया अपनायी जायेगी **? / Which procedure shall be adopted in the proceedings of inquiry, appeal and revision under this Act?**
(a) समन मामले के विचारण की प्रक्रिया / Procedure for trial of summons case
(b) संक्षिप्त मामले के विचारण की प्रक्रिया / Procedure for Trial of Summary Case
(c) वारण्ट मामले के विचारण की प्रक्रिया / Procedure for trial of warrant case
(d) उपर्युक्त में से कोई नही । / None of the above

**29)**अधिनियम के किस धारा के अन्तर्गत बालकों के कल्याण एवं पुर्नवास के लिए किशोर न्याय निधि सृजित करने का प्रावधान किया गया है**? / Under which**

**section of the Act, provision has been made to create Juvenile Justice Fund for the welfare and rehabilitation of children?**
(a) धारा 105 के अंतर्गत / under section 105
(b) धारा 106 के अंतर्गत / under section 106
(c) धारा 107 के अंतर्गत / under section 107
(d) धारा 108 के अंतर्गत / under section 108

**30)**इस अधिनियम के अधीन नियम बनाने की शक्ति किसे प्राप्त है**? / Who has the power to make rules under this Act?**
(a) राज्य सरकार को / to the state government
(b) केन्द्र सरकार को / to the central government
(c) उपर्युक्त (a) एवं (b) दोनों को / Both (a) and (b) above
(d) उपर्युक्त में से कोई नही / none of the above

**31)**बालकों के विरूद्ध अन्य अपराध हेतु प्रावधान किस अध्याय के अन्तर्गत किया गया है**? / Under which chapter the provision for other offences against children has been made?**
(a) अध्याय - 6 के अंतर्गत / Under Chapter - 6
(b) अध्याय 7 के अंतर्गत / Under Chapter - 7
(c) अध्याय 8 के अंतर्गत / Under Chapter - 8
(d) अध्याय 9 के अंतर्गत / Under Chapter - 9

**32)**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम**, 2015** के तहत कौन सा अध्याय दत्तक ग्रहण से संबंधित है**? / Which chapter relates with adoption Under Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015?**
(a) अध्याय-5 / Chapter-5
(b) अध्याय-6 / Chapter-6
(c) अध्याय-7 / Chapter-7
(d) अध्याय-8 / Chapter-8

**33)**निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया था कि जघन्य अपराध के लिए न्यूनतम सजा सात वर्ष होनी चाहिए**? / In Which of the following cases, it was held by the Supreme Court that for heinous offence the minimum sentence must be seven years?**
(a) देवीलाल बनाम म.प्र. राज्य 2021 (5) एससीसी 292 / Devi Lal vs State of M.P. 2021(5) SCC 292
(b) लखम लाल बनाम म.प्र. राज्य 2021 (6) एससीसी 100 / Lakhan Lal vs State of M.P. 2021(6) SCC 100
(c) शिल्पा मित्तल बनाम स्टेट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली 2020 (2) एससीसी 787 / Shilpa Mittal vs State Of NCT of Delhi 2020(2) SCC 787
(d) रतन लाल बनाम पंजाब राज्य एसीआर 1965 एससी 444 / Rattan Lal vs State of Punjab ACR 1965 SC 444

**34)**संविदा के निम्नलिखित आवश्यक तत्वों में से किसे भारतीय संविदा अधिनियम में स्थान प्राप्त नही है**- / Which one of the following essential elements of a contract does not find place in the Indian Contract Act-**
(a) पक्षकारो की सक्षमता / Competence of the parties
(b) वास्तविक प्रतिफल / Lawful consideration
(c) अवैध उद्देश्य / Unlawful object
(d) वैध उद्देश्य / Lawful object

**35)**निम्नलिखित में से सत्य कथन है **/ Which of the following is a true statement?**
(a) अवयस्क की संविदा शून्यकरणीय है। / The contract of a minor is voidable.
(b) अवयस्क की कुछ संविदायें शून्य तथा कुछ शून्यकरणीय होती है। / Some contracts of a minor are void and some are voidable.
(c) अवयस्क की संविदा वैद्य होती है। / The contract of a minor is valid.
(d) अवयस्क द्वारा किया गया करार प्रारम्भ से ही शून्य है। / An agreement of a minor is void ab initio

**36)**भारतीय संविदा अधिनियम में "सम्मति" शब्द को परिभाषित किया गया है**- / The word "consent" has been defined in the Indian Contract Act-**
(a) धारा-13 / Section-13
(b) धारा-10 / Section-10
(c) धारा-7 / Section-7
(d) धारा-8 / Section-8

**37)**सम्मति स्वतंत्र तब कही जाती है जब वह प्रभावित न हो **/ Consent is said to be free when it is not caused by-**
(a) प्रपीड़न / Coercion
(b) असम्यक असर / undue influence
(c) कपट / Fraud
(d) उपर्युक्त सभी / all of the above

**38).** एक साहूकार नितिन एक कृषक अनिल को **10,000₹** उधार देता है असम्यक् असर से अनिल को **6** प्रतिशत ब्याज पर **20,000₹** का एक बन्धपत्र निष्पादित करने को उत्प्रेरित करता है न्यायालय **- / A moneylender Nitin lends 10,000 to Anil, an agriculturist. By undue influence, Anil is induced to execute a bond of ₹ 20,000 at 6% interest. Court-**
(a) बन्धपत्र को अपास्त कर सकेगा / Set aside the bond
(b) न्यायालय ऐसे ब्याज सहित जो न्यायसंगत प्रतीत हो 10,000₹ के प्रतिसंदाय का आदेश अनिल को दे सकेगा। / The court may order the repayment of ₹ 10,000 to Anil along with such interest as appears to be just.
(c) उपरोक्त (a) व (b) दोनो / Both (a) and (b) above
(d) बन्धपत्र को अपास्त नहीं कर सकेगा / will not be able to set aside the bond

**39)**कपट से किया गया करार होता है**- / An agreement made by fraud is-**
(a) शून्य / Void
(b) शून्यकरणीय / Voidable
(c) अवैध / Illegal
(d) अनैतिक / Unethical

**40)**असम्यक् असर से उत्प्रेरित संविदा को अपास्त करने की शक्ति दी गई है**- / Power to set aside a contract induced by undue influence has been given**
**to-**
(a) धारा-16 क / Section-16A
(b) धारा-17 क / Section-17A
(c) धारा-19 क / Section-19A
(d) धारा-20 क / Section-20A

**41)**परक्राम्य लिखत अधिनियम**, 1881** के अंतर्गत कौन सा परक्राम्य लिखत नहीं है**? / Under the Negotiable Instrument Act, 1881 which is not a negotiable instrument?**
(a) बंधपत्र / Bond
(b) वचन पत्र / Promissory note
(c) विनिमय पत्र / Bill of exchange
(d) चेक / cheque

**42)**परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा **11** के अंतर्गत, भारत में लिखित या रचित और भारत में देय या भारत में निवासरत व्यक्ति पर लिखित वचन**-**पत्र, विनिमय**-** पत्र या चेक समझा जाएगा। **/ Under section 11 of the Negotiable Instruments Act, a promissory note, bill of exchange or cheque drawn or made in India, and made payable in, or drawn upon any person resident in India shall be deemed to be an**
(a) अंतर्देशीय लिखत / Inland instrument
(b) विदेशी लिखत / foreign instrument
(c) परक्रामित लिखत / Negotiated instrument
(d) पृष्ठांकन / Indorsement

**43)**परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत परक्राम्य लिखत का पृष्ठांकन कौन कर सकता है**? Who may indorse the negotiable instrument under the Negotiable Instrument Act?**

(a) एकल रचयिता / sole maker
(b) लेखीवाल / drawer
(c) पाने वाला / payee
(d) उपरोक्त सभी / All of the above

**44)**परक्राम्य लिखत का हर पूर्विक पक्षकार सम्यक-अनुक्रम के प्रति तब तक उसके आधार पर दायी है जब तक उस लिखत की सम्यक रुप से तुष्टि न की जाए। **/ Every prior party to a negotiable instrument is liable thereon to a Holder in due course until the instrument is duly satisfied.**
(a) धारक / holder
(b) बैंक / bank
(c) पृष्ठांकक / endorser
(d) न्यायालय / court

**45)**परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा **143** के अधीन संक्षिप्त विचारण में किसी दोषसिद्धि की दशा में, मजिस्ट्रेट के लिए ऐसे कारावास का, जिसकी अवधि से अधिक नहीं होगी और ऐसे जुर्माने का जिसकी रकम रुपए से अधिक होगी, दंडादेश पारित करना विधिपूर्ण होगा**: / In the case of any conviction in a summary trial under section 143 of the Negotiable Instrument Act, it shall be lawful for the Magistrate to pass a sentence of imprisonment for a term not exceeding exceeding and an amount of fine**
(a) एक वर्ष, पांच हजार / one year, five thousand
(b) दो वर्ष, दस हजार / two years, ten thousand
(c) तीन वर्ष, पच्चीस हजार / three years, twenty-five thousand
(d) पांच  वर्ष, पचास हजार / five years, fifty thousand

**46)**धारा **138** परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही में किस प्रतिरक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी**? / Proceedings under section 138 negotiable instrument act which defence shall not be allowed?**
(a) चैक लेखीवाल द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है / the cheque is not signed by drawer

(b) परिवादी नियत समय में धारक या सम्यक अनुक्रम में धारक नहीं है ।
Complainant is not holder or holder in due course
(c) लेखीवाल के पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं था कि जब उसने चैक जारी किया तो यह अनादरित हो सकता है / Drawer had no reason to believe when he issued the cheque it may be dishonored
(d) उन्होंने विधिक दायित्व के निर्वहन में चैक जारी नहीं किया था / He had not issued the cheque in discharge of legal liability

**47)**घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम**, 2005** के अनुसार मजिस्ट्रेट से अभिप्रत हैं**-/ According to the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005, Magistrate means ?**
(a) प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट / Magistrate of the first class
(b) महानगर मजिस्ट्रेट / Metropolitan Magistrate
(c) उपरोक्त दोनों सही हैं/ Both of the above are correct
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**48)**घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत मजिस्ट्रेट प्रत्यर्थी को पीड़ित व्यक्ति को **"**धनीय अनुताष देने का आदेश दे सकता है**-/Under the Domestic Violence Act the magistrate may order the respondent to pay "monetary relief" to the aggrieved person-**
(a) आवेदन की सुनवाई के दौरान किसी भी प्रक्रम पर/At any stage of during the hearing of application
(b) आरोप विरचित किए जाने के प्रक्रम से पहले / Before the stage of charge framing
(c) मजिस्ट्रेट ऐसा आदेश नहीं कर सकता / The magistrate cannot make such order
(d) निर्णय पारित किए जाने के पश्चात् / After the judgement has been passed

**49)**घरेलू हिंसा में सम्मिलित हैं**- / Domestic Violence includes-**
(a) शारीरिक दुरुपयोग / Physical abuse
(b) लैंगिक दुरुपयोग / Sexual abuse

(c) मौखिक और भावनात्मक दुरुपयोग / Verbal and emotional abuse
(d) उपरोक्त सभी / All of the above

**50)**घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा **3** के तहत घरेलू हिंसा की परिभाषा के तहत, **"**शारीरिक दुरुपयोग**"** में शामिल है **/ According to the definition of Domestic Violence under section 3 of the Domestic Violence Act, "Physical abuse" includes-**
(a) हमला/Assault
(b) आपराधिक अभित्रास / Criminal intimidation
(c) आपराधिक बल / Criminal force
(d) केवल बल / only force

**51)**व्यथित व्यक्ति को आश्रय प्रदान करना**…………..** है**|/It is………….to provide shelter to the aggrieved person.**
(a) आज्ञापक/Mandatory
(b) विवेकाधीन / Discretionary
(c) परिहार्य / Avoidable
(d) बचने योग्य / Escapable

**52)**उस क्षेत्र का निर्धारण कौन करेगा जिसके भीतर एक सुरक्षा अधिकारी अपनी शक्ति का प्रयोग करेगा**? / Who shall determine the area within which a protection officer shall exercise his power?**
(a) केन्द्रीय सरकार / Central government
(b) उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य सरकार / State government with the consultation of High Court
(c) जिला मजिस्ट्रेट/District Magistrate
(d) राज्य सरकार/State Government

**53)'**घरेलू हिंसा रिपोर्ट**'** किसके द्वारा तैयार की जाती है**- / 'Domestic Violence Report' is prepared by-**
(a) संरक्षण अधिकारी / Protection officer
(b) मजिस्ट्रेट / Magistrate

(c) व्यथित व्यक्ति / Aggrieved person
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं / None of the above

**54)**घरेलू हिंसा अधिनियम में सेवा प्रदात्ता किसके पास अपना रजिस्ट्रीकरण करवाता है?। **With whom does the service provider get his registration done under the Domestic Violence Act?**
(a) केन्द्र सरकार / Central Government
(b) राज्य सरकार / State Government
(c) समुचित सरकार / Appropriate Government
(d) मजिस्ट्रेट / Magistrate

**55)**संबंधित मंत्रालयों और कानून से संबंधित विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाआ क बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करना का कर्तव्य है**? / It is the duty of the……..to ensure effective coordination between the services provided by concerned Ministries and departments dealing with law?**
(a) संरक्षण अधिकारी / Protection officer
(b) राज्य सरकार एवं केन्द्रीय सरकार/State Government and Central Government
(c) केवल केन्द्रीय सरकार / Central Government only
(d) प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट / Magistrate of first class

**56)**घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा **12** के तहत अनुतोष पाने के लिए मजिस्ट्रेट को आवदन कौन प्रस्तुत कर सकता है**? / Who can present an application to the Magistrate under section 12 of the Domestic Violence Act, for seeking the reliefs?**
(a) व्यथित व्यक्ति/Aggrieved person
(b) संरक्षण अधिकारी / Protection officer
(c) व्यथित व्यक्ति  की तरफ से कोई अन्य व्यक्ति/Any other person on behalf of Aggrieved person
(d) उपरोक्त सभी / All of the above

**57)**घरेलू हिंसा अधिनियम में मजिस्ट्रेट से आवेदन करने पर मजिस्ट्रेट सामान्यतः सुनवाई का प्रथम दिनांक कब नियत करेंगे **? / When will the Magistrate ordinarily fix the first date of hearing on receipt of an application made to the Magistrate under the Domestic Violence Act?**

(a) 30 दिन/30 days

(b) 60 दिन/60 days

(c) आवेदन की प्राप्ति की दिनांक से 3 दिन के बाद नहीं होगी / Not beyond 3 days from the date of receipt of the application

(d) 90 दिन/90 days

**58)**संरक्षण अधिकारी कितनी अवधि के भीतर प्रत्यर्थी को सुनवाई की तारीख की सूचना का तामील कराएगा**-/The protection officer shall serve the notice of the date of hearing on the respondent within-**

(a) दो दिवस/Two days

(b) सात दिवस/Seven days

(c) चौदह दिवस/Fourteen days

(d) एक माह/One month

**59)**यदि मजिस्ट्रेट ने धारा **14** के तहत प्रत्यर्थी या व्यथित व्यक्ति को परामर्श देने के लिए निर्देश जारी किया है**,** तो वह मामले की सुनवाई की अगली तारीख तय करेगा**,** जो कि से अनधिक नहीं होगी**-/If the magistrate has issued directions under Section 14 the respondent or the aggrieved person to undergo counseling, he shall fix the next date of hearing of the case within a period not exceeding -**

(a) चौदह दिन/Fourteen Days

(b) एक माह /One Month

(c) दो माह/Two Months

(d) तीन माह /Three Months

**60)**निम्नलिखित में से कौन**-**सा घरेलू हिंसा अधिनियम से संबंधित नहीं है**-/ Which of the following is not related to Domestic violence Act?**

(a) कार्यस्थल / Work place

(b) शारीरिक दुरूपयोग / Physical abuse
(c) अभिरक्षा आदेश / Custody orders
(d) संरक्षण अधिकारी / Protection officer

**61)**घरेलू हिंसा अधिनियम **2005** भूतलक्षी प्रभाव है **/ Domestic violence Act, 2005 has retrospective effect ?**
(a) नहीं / No
(b) हां / Yes
(c) पश्चावर्ती/Prospective
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None ot the above

**62)**घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम **2005** के अन्तर्गत संरक्षण अधिकारी के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा कथन सही है **? / Under The Protection of Women From Domestic Violence Act, 2005, which of the following statements regarding Protection Officer, is correct?**
(a) संरक्षण अधिकारी लोक सेवक नहीं है। / Protection Officer is not a public servant.
(b) संरक्षण अधिकारी द्वारा कर्तव्यों का निर्वहन न करने पर शास्ति का प्रावधान है। / Penalty is prescribed for not discharging duty by Protection Officer.
(c) संरक्षण अधिकारी द्वारा किए गये अपराध के सम्बन्ध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है। / A first information report can be lodged for LAW offence committed by Protection Officer.
(d) उपरोक्त में से कोई विकल्प नहीं / None of the above option.

**63)**निम्न निर्णयों में से किसमें, माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि जहां घरेलू हिंसा का एक कृत्य घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के प्रवृत होने से पूर्व प्रारम्भ हुआ तथा इसके पश्चात भी जारी रहा है, ऐसी स्थिति में व्यथित व्यक्ति इस अधिनियम का संरक्षण प्राप्त करने का अधिकारी है**? / In which of the following judgments, the Hon'ble Supreme Court held that where an act of domestic violence**

**commenced prior to the enactment of The Protection of Women from Domestic Violence Act and continued even thereafter also, in such a situation, the aggrieved person is entitled to protection of the Act?**

(a) सरस्वती बनाम बाबू। / Saraswathy V. Babu.

(b) मीना चौधरी बनाम पुलिस कमिश्नर, दिल्ली। / Meena Chaudhary V. Commissioner of Delhi Police.

(c) इन्द्र शर्मा बनाम वी. के. वी. शर्मा। / Indra Sarma V. V.K.V. Sarma.

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**64)**धारा **31** की उपधारा **(1)** के अन्तर्गत प्रत्यर्थी द्वारा किया गया अपराध **(**संरक्षण आदेश का भंग**)** होता है**- / The offence (Breach of Protection Order) committed by the respondent under sub-section (1) of section 31 is-**

(a) संज्ञेय और अजमानतीय / cognizable and non-bailable

(b) असंज्ञेय और अजमानतीय / non-cognizable and non-bailable

(c) असंज्ञेय और जमानतीय / non-cognizable and bailable

(d) उपर्युक्त में कोई नहीं / None of the above

**65)** सरंक्षण अधिकारी द्वारा कर्तव्य का निर्वहन न किये जाने के लिए उसे दण्डित किया जा सकता है**-/ For non-discharge of duty by the Protection Officer, he may be punished-**

(a) एक वर्ष तक के कारावास से / with imprisonment up to one year

(b) बीस हजार रूपये तक जुर्माने से / with fine up to twenty thousand rupees

(c) उक्त दोनों से / both of the above

(d) केवल जुर्माने से / only with fine

**66)**सरंक्षण अधिकारी के विरूद्ध सद्भावनापूर्वक की गयी कार्यवाही के लिए वाद या अभियोजन नहीं होगा, किस धारा में यह संरक्षण प्राप्त है**? / There will be no suit or prosecution for action taken in good faith against the Protection Officer, in which section this protection is available?**

(a) धारा 34/ Section 34

(b) धारा 35/ Section 35
(c) धारा 36/ Section 36
(d) धारा 37/ Section 37

**67)**घरेलू हिंसा अधिनियम**, 2005** के तहत **"**लैंगिक दुरूपयोग**"** में लैंगिक प्रकृति का कोई भी आचरण सम्मिलित है जो दुरूपयोग करता है**- / "Sexual abuse" under the Domestic Violence Act, 2005 includes any conduct of a sexual nature that abuses-**
(a) गरिमा को क्षति / harm to dignity
(b) अपमान / degrades
(c) तिरस्कार / humiliation
(d) उपरोक्त सभी / All of the above

**68)**घरेलू हिंसा अधिनियम**, 2005** की कौन**-**सी धारा संरक्षण अधिकारी की नियुक्ति से संबंधित है**? / Which section of the Domestic Violence Act, 2005 deals with the appointment of Protection officer?**
(a) धारा 5 / Section 5
(b) धारा 6 / Section 6
(c) धारा 7 / Section 7
(d) धारा 8 / Section 8

**69)**निम्नलिखित में से कौन**-**सा सुमेलित नही है **/ Which of the following is not correctly matched ?**
(a) धारा 6 आश्रय गृहो के कर्तव्य / Section 6 - Duties of shelter homes
(b) धारा 7 चिकित्सीय सुविधाओं के कर्तव्य / Section 7 - Duties of medical facilities
(c) धारा 8 सेवा प्रदाता / Section 8 - Service Providers
(d) धारा 9 संरक्षरण अधिकारियों के कर्तव्य और कृत्य / Section 9 Duties and - function of Protection officers

**70)**घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा **8** के तहत**,** प्रत्येक जिले में संरक्षण अधिकारियों की संख्या हो सकती है **/ Under Section 8 of the Domestic**

**Violence Act, the number of Protection Officers in each district can be ?**

(a) दो या दो से अधिक / two or more than two

(b) जितने राज्य सरकार आवश्यक समझे / such number as State Government may consider necessary

(c) तीन से अधिक नहीं। / Not more than three

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**Answer key**

**1-d**
**2-a**
**3-e**

4-b
5-c
6-a
7-a
8-c
9-a
10-b
11-a
12-c
13-d
14-c
15-a
16-c
17-a
18-d
19-d
20-a
21-c
22-a
23-d
24-a
25-a
26-b
27-c
28-a
29-a
30-a
31-d
32-d
33-c
34-c
35-d

राजस्थली

36-a
37-d
38-c
39-b
40-c
41-a
42-a
43-d
44-a
45-a
46-c
47-c
48-a
49-d
50-d
51-a
52-d
53-a
54-b
55-b
56-d
57-c
58-a
59-c
60-a
61-b
62-b
63-a
64-a
65-c
66-b
67-d

राजस्थली

**68-d**
**69-c**
**70-b**

राजस्थली